**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

पत्रांक–14 / विविध–18–01 / 2024– पटना, दिनांक–

प्रेषक,

गुंजन कुमार,
अवर सचिव (प्रबंधन)
–सह–
नोडल पदाधिकारी (HRMS)

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
सभी निदेशक / सभी संयुक्त निदेशक, जल संसाधन विभाग , बिहार, पटना।
सभी अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
सभी कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
अवर सचिव (लेखा), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
स्थानिक अभियंता, संपर्क कार्यालय, बिहार सदन, कमरा नं0–203, सेक्टर–19 द्वारका, नई दिल्ली–110075।

**विषयः–** **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) परियोजना अंतर्गत नियमित कर्मियों का वर्तमान धारित पद एवं सेवा / संवर्ग का मैपिंग कराने के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी (सामान्य प्रशासन विभाग) का पत्रांक–885 दिनांक–09.05.2025 एवं पत्रांक–1135 दिनांक–10.06.2025**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी (सामान्य प्रशासन विभाग) का पत्रांक–1135 दिनांक–10.06.2025 द्वारा मुख्य सचिव, बिहार के माध्यम से नियमित कर्मियों का वर्तमान धारित पद एवं सेवा संवर्ग के कैडर मैपिंग कार्य 30.06.2025 तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया है, साथ ही वैसे निकसी एवं व्ययन पदाधिकारी जिनके द्वारा 30.06.2025 तक उनके स्थापना के सभी नियमित कर्मियों का कैडर मैपिंग कार्य पूर्ण नहीं कर लिया जाता है उनका माह जून, 2025 का वेतन कार्य पूर्ण होने तक स्थगित रखे जाने का भी निदेश है।

अतः अनुरोध है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी (सामान्य प्रशासन विभाग) का पत्रांक–1135, दिनांक–10.06.2025 द्वारा दिये गये निदेश का ससमय अनुपालन कराना सुनिश्चित करने की कृपा की जाय।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

**अनुलग्नक–यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

ह0 / –
**(गुंजन कुमार)**
**अवर सचिव (प्रबंधन)**
**–सह–**
**नोडल पदाधिकारी (HRMS)**

ज्ञापांक–14 / विविध–18–01 / 2024– 2880 पटना / दिनांक– 26.6.25

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/06/25

**अवर सचिव (प्रबंधन)**
**–सह–**
**नोडल पदाधिकारी (HRMS)**

पत्रांक–बि०प्र०सु०मि०सो०/HRMS-02/2024, सो०–1135
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

अमृत लाल मीणा,
मुख्य सचिव, बिहार।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, सभी विभाग।
पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना।
सभी प्रमंडलीय आयुक्त।
सभी जिला पदाधिकारी।

पटना, दिनांक– 10/06/2025

**विषयः–** **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) परियोजना अंतर्गत नियमित कर्मियों का वर्तमान धारित पद एवं सेवा/संवर्ग का मैपिंग कराने के संबंध में।**

प्रसगः– बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी का पत्राक– 885, दिनांक–09.05.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली अंतर्गत राज्य के नियमित कर्मियों का वर्तमान धारित पद एवं सेवा/संवर्ग के अनुसार कैडर मैपिंग का कार्य संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा किया जा रहा है। प्रासंगिक पत्र द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देश निर्गत है। इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

विदित हो कि मिशन सोसाइटी द्वारा कैडर मैपिंग कार्य की विभागवार एवं निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा किये जा रहे कार्य का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है तथा प्रतिदिन संबधित प्रगति प्रतिवेदन सभी विभाग को उनके ई–मेल पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

यह उल्लेखनीय है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा कैडर मैपिंग का कार्य 26, मई 2025 तक पूर्ण करने का अनुरोध किया गया था परंतु इस संबंध मे प्रगति अत्यंत धीमी है।

अतः अनुरोध है कि अपने स्तर से इसकी नियमित समीक्षा की जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा में यह कार्य पूर्ण किया जा सके। वैसे निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी जिनके द्वारा 30 जून, 2025 तक उनके स्थापना के सभी नियमित कर्मियो का कैडर मैपिंग कार्य पूर्ण नहीं कर लिया जाता है उनका माह जून, 2025 का वेतन, कार्य पूर्ण होने तक स्थगित रखा जाए।

विश्वासभाजन,

9/6/25
(अमृत लाल मीणा)
मुख्य सचिव, बिहार।